>

Title: Regarding false promises made by political parties on waiving of loan in Rajasthan.

श्री सी.पी. जोशी (चित्तौड़गढ़): माननीय सभापति जी, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं । मैं राजस्थान के विषय पर बात करना चाहता हूं । विधान सभा चुनाव में कुछ पोलिटिकल पार्टियों ने अपना जनमत बढ़ाने के लिए, लोगों पर विश्वास बढ़ाने के लिए कर्ज माफी की बात कही थी और युवाओं के खाते में 3,500 रुपए डालने की बात कही थी । अब वहां के किसान अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहे हैं ।

मैं सरकार से मांग करता हूं कि ऐसी राजनीतिक पार्टियां जो जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करती हैं, किसानों का कर्ज माफ कराने के लिए राजस्थान सरकार पर दबाव बनाया जा रहा है । किसान ऋण लेने के लिए परेशान हो रहा है, उन्हें फर्टिलाइजर नहीं मिल रहे हैं । सरकार के मंत्री मुख्य मंत्री के इस्तीफे की बात कर रहे हैं । विधायक धरना दे रहे हैं । वहां सरकार की स्थिति गंभीर है ।

माननीय सभापति: श्री देवजी एम. पटेल को श्री सी.पी. जोशी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।